दिनांक : 15.03.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

होली

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज पुलिस लाइन उज्जैन में आयोजित होली मिलन समारोह में सहभागिता की। उन्होंने सभी को उत्साह, उमंग और रंगों के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें भारतीय पुलिस पर सदैव गर्व है। उन्होंने कहा कि होली का पर्व न केवल रंगो का पर्व है बल्कि भाईचारा, प्रेम और सदभाव का पर्व है।

प्रदेशभर में आज पुलिस की होली मनाई जा रही है। रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित पुलिस अधीक्षक निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी निवास पर फाग की टोलियों ने फाग गए।

रंगों का त्योहार होली कल पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस त्योहार का उत्साह, उमंग और उल्लास राज्य के हर शहर, गांव के हर कोने में दिखाई दिया। नर्मदापुरम जिले की महिला स्व–सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल, श्रीअन्न मिलेट के व्यंजन, फूलों से बनी अगरबत्ती और अन्य उत्पादों की कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शनी आयोजित की गई।

अश्विनी वैष्णव

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज शाम तमिलनाडु के अडयार में आईआईटी मद्रास परिसर जाएंगे और नवाचार केन्द्र देखेंगे। श्री वैष्णव रिड्यूज्ड इंस्ट्रक्शन सैट कम्प्यूटर सेन्टर भी जाएंगे। यह केन्द्र डिजिटल इंडिया दृष्टिकोण के अनुरूप है और आईआईटी में भारत के सेमीकंडक्टर मिशन का महत्वपूर्ण स्तम्भ है।

प्रधानमंत्री – मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कडी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की 28 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

गल-चूल भगोरिया

पश्चिमी मध्यप्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल में एक सप्ताह से चले आ रहे भगोरिया का रंगारंग समापन हो गया। आदिवासी संस्कृति के लोक पर्व माने जाने वाले भगोरिया का धुरैंडी पर गल–चूल मेलों के साथ समापन हुआ। कल धार जिले के तिरला, दसई, भोपावर सहित अनेक स्थानों पर गल–चूल के मेले और भगोरिया मेले लगे। गल–चूल के मेलों में आदिवासी समाज की परंपरा अनुसार मन्नत धारियों द्वारा अपनी मन्नत पूरी होने पर कंडे की धधकती आग में चल कर और कई फिट ऊंचे मचान पर घूम कर गल–चूल की परंपरा का दिन में निर्वहन किया। तिरला के गंगानगर में आयोजित गल–चूल और भगोरिया मेले में ढोल, मांदल की थाप, थाली की खनक, बांसुरी की मधुर तान के साथ हजारों की संख्या में लोगों ने भगोरिया पर्व का उमंग, उत्साह के साथ पारंपरिक भगोरिया नृत्य कर आनंद लिया।

भारत उपलब्धि

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सात मार्च को समाप्त हुये सप्ताह के दौरान 15 अरब 26 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई है। यह 6 खरब 53 अरब 96 करोड डॉलर से अधिक हो गया है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, भंडार की प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 13 अरब 93 करोड डॉलर से अधिक बढ़कर 5 खरब 57 अरब 28 करोड डॉलर से अधिक हो गई है। पिछले सप्ताह स्वर्ण भंडार भी एक अरब डॉलर बढ़कर 74 अरब 32 करोड डॉलर से अधिक हो गया। इसके अलावा, विशेष आहरण अधिकार 21 करोड 20 लाख डॉलर बढ़कर 18 अरब 21 करोड डॉलर तक पहुँच गया और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में रिजर्व बैंक की स्थिति 6 करोड 90 लाख डॉलर बढ़कर 4 अरब 14 करोड डॉलर से अधिक हो गई।

समाचार संक्षेप में :–

- शिवपुरी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ 19 मार्च को बैठक आयोजित की गई है। बैठक में निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार के सुझाव, कठिनाई या अनिराकृत विषय पर विचार विमर्श होगा।
- केंद्रीय राज्य मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उइके बैतूल दोपहर बाद चिकित्सालय को प्राप्त चिकित्सकीय उपकरणों का लोकार्पण करेंगे। जिला चिकित्सालय को 97 लाख 59 हजार 431.00 लागत के चिकित्सकीय उपकरण प्रदान किए गए है।
- खण्डवा में मीजल्स रुबेला निर्मलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे हासिल करने के लिए जिले एवं ब्लॉक स्तर में एम.आर. टीके की दोनों खुराकों की शत प्रतिशत उपलब्धि अनिवार्य है। कल 16 मार्च को खसरा दिवस के अवसर पर विशेष टीकाकरण सत्र प्रारंभ होगा।
- विदिशा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों के दो प्रकरणों में सूचना देने वालों को नकद राशि देने की घोषणा की है।

....